सुविचार

सोच का ही फ़र्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-18 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 10 जून 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## बीमा के बिना वाहन चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/MV Act,1988.... I



मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 146 के अनुसार प्रत्येक मोटर यान चालक और उसका कोई अन्य सहायक कर्मी को भी तब तक मोटर वाहन का उपयोग नहीं करेगा जब तक उसने कोई बीमा पॉलिसी प्राप्त नहीं कर ली है।

**किन वाहनो को चलाने पर बीमा पॉलिसी लागू नहीं होती है जानिए**

1. केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार यदि वाहन का उपयोग किसी वाणिज्यिक उद्यम से संबद्ध प्रयोजनों के लिए किया जा रहा है।
2. किसी स्थानीय प्राधिकरण द्वारा।
3. किसी राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा। या किसी समुचित सरकार के आदेश पर वहन किया जा रहा है।

अर्थात सामान्य शब्दों में कहे तो किसी भी निजी वाहन चालक को बीमा पॉलिसी लेना आवश्यक है अगर वह बिना बीमा पालिसी के वाहन का उपयोग करता है तब उसके खिलाफ क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए।

**मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 196 की परिभाषा-**

कोई व्यक्ति जो धारा 146 का उल्लंघन करता है अर्थात बिना बीमा पॉलिसी करवाए वाहन चलाता है या चलवाता है या बीमा नहीं करवाता है तब ऐसे व्यक्ति को तीन माह की कारावास या दो हजार रुपए जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है। यही अपराध वह दुवारा या बार बार करता है तब तीन माह की कारावास या चार हजार रुपये जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**- लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## राजनीति में परिवार का एक सदस्य ही काफी सभी लोगों को मौका मिलना चाहिए: सिंधिया

**ग्वालियर।** परिवारवाद को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह बिलकुल ठीक है। राजनीति में परिवार का एक ही सदस्य काफी है। सभी लोगों को मौका मिलना चाहिए। ज्योतिरादित्य सिंधिया के इस बयान के बाद उनके बेटे महान आर्यमन के राजनीति में आने की



संभावनाओं पर फिलहाल विराम लग गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बड़ा बयान, ग्वालियर में भाजपा में परिवारवाद को लेकर कहा कि सिंधिया परिवार के अंतर्गत राजनीति में एक ही व्यक्ति रहता है हमेशा। सभी को मौका मिलना चाहिए। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात गुरुवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 30 वर्षों से सिंधिया परिवार का एक सदस्य ही राजनीति में रहा है।

## लक्ष्य तुम पाओगे

ये आरजू है जिंदगी मे,
जिंदगी से बढ़कर,
जो सोचा है वो पाना है,
कुछ अलग करके दिखाना है ,
जिंदगी एक नाव है,
संसार एक अब्धि है,
इस छोर पर हम है,
दूसरे पर उपलब्धि है

लक्ष्य को साधकर,
नाव को चलाकर,
आगे को बढ़ना है,
बढ़ते ही रहना है,
कठिनाइयां बहुत आएगी,
उनसे लड़ना पड़ेगा,
सैलाब आयेंगे तूफान उठेंगे,
उनसे जूझकर निकलना पड़ेगा,

हिम्मत ना हारना,
इरादे ना बदलना,
आगे तुम बढ़ना,
बढ़ते ही रहना,
एक दिन ऐसा लाओगे,

जब लक्ष्य तुम पाओगे!!
जब लक्ष्य तुम पाओगे !!
(अब्धि = सागर)

**गजेंद्र कुमार अहिरवार**
**अतिथि व्याख्याता,**
**सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,**
**भोपाल**

## जनप्रतिनिधि के रूप में जनपद सदस्य चुनने से पहले मतदाताओं के लिए विचारणीय कुछ प्रश्न

1-क्या आपका जनपद सदस्य किसी भी दफ्तर में अफ़सर से बात करने में सक्षम है ?
2-क्या आपका जनपद सदस्य आपको या आपके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिला सकता है ?
3-क्या आपका जनपद सदस्य खुद आवेदन पत्र लिख - पढ़ सकता है?
4-क्या आपके जनपद सदस्य की जनप्रतिनिधि नेता बात सुनते हैं ?
5- क्या आपका जनपद सदस्य गांव के विकास के लिए विधायक /मंत्रियों से काम ला सकता है ?
6- क्या आपका जनपद सदस्य स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम है या किसी अन्य व्यक्ति पर ही निर्भर है?
7- क्या आपका जनपद सदस्य सामाजिक और न्यायिक सोच का व्यक्ति है?



अतः सम्माननीय मतदाताओं से विनम्र अपील है कि उक्त योग्यताओं के आधार पर ही वोट करें ताकि आपका वोट आपके क्षेत्र के विकाश, आपके और आपके परिवार के हित में काम आए। धन्यवाद

**अपीलकर्ता- अतरसिंह भारतीय, सोशल इक्टिविष्ट**

## ऑटो चालक या माल वहन करने वाला व्यक्ति माल या समान लेकर भाग जाए तब उस पर क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/IPC....

वर्तमान समय की अगर बात करे तो जब हमें किसी वस्तु या माल को बाजार से घर लाना होता है तब काम वस्तु के लिए ऑटो रिक्शा या ज्यादा माल के लिए कोई लोडिंग गाड़ी की आवश्यकता होती है अगर कोई वाहन चालक हमारा सामान लेकर भाग जाता है तब हम उस पर किस धारा के अंतर्गत कार्यवाही कर सकते हैं जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 407 की परिभाषा**

जो कोई व्यक्ति वाहन चालक(माल को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाला) या नाविक(जल मार्ग में माल ले जाने वाला) या कोई भण्डार (गोदाम) की देखरेख करने वाला व्यक्ति किसी माल या वस्तु का आपराधिक उद्देश्य से गबन कर लेता है वह व्यक्ति धारा 407 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 407 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान—**

इस धारा के अपराध समझौता योग्य हो सकते हैं उसी व्यक्ति से जिसका माल वाहन चालक फरार करके भगा है।



यह संज्ञेय एवं अजमानतीय अपराध होते हैं, इनकी सुनवाई का अधिकार प्रथम वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट को होता है।

**सजा-**इस अपराध के दोषी को सात वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

**नोट-** वस्तु गबन की तिथि से तीन वर्ष तक इस अपराध की शिकायत थाने में डारेक्ट कर सकते हैं क्योंकि यह संज्ञेय अपराध है।

**-लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश) 9827737665**

## दर्द कर्मचारी का

अक्सर ऊगली कर्मचारी पर ही क्यो उठाते हो,
जो काम नही करते उन से तो अधिकारी भी डरते है, बिरासत में तय नही होगी अब शोषण के फैसले,
आँख हमे दिखा के नियम बिरुद्ध आप क्या करते हो,
लक्ष्य कोइ सा भी हो जिंदगी और मौत से लड़ते हो,
प्रताड़ित शोषित नोटिस जुल्म सितम से डराते हो, सुना है अक्सर लहरों के साथ लाशें बहा करती है,
तुफानो से टकराने बाले को नोटिस, मौत से डरते हो, उनके किये कत्ले आम हमे बदनाम कर जाते हो,
शोषण के खिलाफ अबाज उठने बाले को डरते हो, अक्सर काम करने बालो पर,
उंगलियां उठाते हो जी हजूरी बाले, नही अब हम चौकीदार हो जाते है




मोहन मांढरे
लैब टेक्नीशियन,जिला हास्पिटल विदिशा म प्र
9893 485708

## महिला की मौत ने बढ़ाई चिंता, राहत की बात यह कि ज्यादातर लोगों को लग चुके हैं दोनों टीके

**इंदौर।** 17 दिन के भीतर शहर में कोरोना से दो मौत हो चुकी है। गुरुवार को हुई 90 वर्षीय महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। हालांकि यह महिला किडनी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित कई बीमारियों से पीड़ित थी और बार-बार अपील करने के बावजूद इसे कोरोना के टीके नहीं लगवाए गए थे। डाक्टरों का कहना है कि किडनी, लीवर, दिल, मधुमहे जैसी अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य लोगों के मुकाबले बहुत कम हो जाती है। जरूरी है कि ऐसे लोग भी कोरोना के दोनों टीके समय पर लगा लें ताकि वायरस हमला भी करे तो टीके की वजह से शरीर में बनी एंटीबाडी वायरस का मुकाबला कर सके।

**90 प्रतिशत लोगों को लग चुके हैं टीके:** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शहर में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को कोरोना के टीके लग चुके हैं। यही वजह है कि कोरोना वायरस की चपेट में आने के बावजूद किसी भी मरीज में गंभीर लक्षण नजर नहीं आ रहे। 90 वर्षीय जिस कोरोना संक्रमित महिला की गुरुवार को मौत हुई उसे कोरोना का एक भी टीका नहीं लगा था। यही वजह थी कि वायरस का हमला होते ही उसकी स्थिति बिगड़ गई।



**जरूरी है टीके लगवाना**

टीके से शरीर में कोरोना से लड़ने वाली एंटीबाडी बनती है। हर व्यक्ति के लिए कोरोना के दोनों टीके लगवाना जरूरी है। जिन लोगों को कोई भी पुराना या गंभीर रोग है वे भी कोरोना के दोनों टीके जरूर लगवाएं।

**- डा.सलिल भार्गव, श्वसन रोग विशेषज्ञ**

**शहर में हो चुकी हैं 1463 मौत**

गुरुवार को शहर में कोरोना के 10 नए मरीज मिले हैं। 90 वर्षीय महिला की कोरोना के बाद शहर में इस बीमारी से दम तोड़ने वालों का आंकड़ा 1463 पर पहुंच गया है। हालांकि प्रशासन अब तक दो हजार से ज्यादा ऐसे लोगों को कोरोना राहत राशि जारी कर चुका है जिनके स्वजन की कोरोना की वजह से मौत हुई थी।

## पंचायत चुनाव नाम वापसी का आज आखिरी दिन, प्रतीक चिह्न बांटे जाएंगे

**भोपाल।** पंचायत चुनाव में किस्मत आजमा रहे अभ्यर्थियों के लिए शुक्रवार निर्णायक होगा। अभ्यर्थी दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लेकर मैदान छोड़ सकेंगे। इसके बाद जो मैदान में बचेंगे, उन्हें प्रतीक चिह्न आवंटित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत के पंच पद के लिए कुल्हाड़ी सहित 10 प्रतीक चिह्न तय किए हैं। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि पहले चरण का मतदान 25 जून, दूसरे चरण का एक जुलाई व तीसरे चरण का आठ जुलाई को होगा। सुबह सात से अपराह्न तीन बजे तक मतदान किया जा सकेगा। तीर कमान, दो पत्तियां, उगता सूरज, पतंग, छाता, गाड़ी, लालटेन, फावड़ा और बेलचा, बिजली का बल्ब, सिलाई मशीन, हाथ चक्की, टेबल पंखा, स्लेट, रेडियो, हारमोनियम, दो तलवार-एक ढाल, पिचकारी, मटका, अंगूठी, बल्ला, चाबी, मोमबत्तियां, कढ़ाई, सीटी, सिर पर टोकरी रखे औरत, लड़का-लड़की, नाव, बेंच, गैस सिलेंडर, गैस स्टोव, सिगड़ी, संसी, गैस बत्ती, गुब्बारा, मेज, कुर्सी, मोरपंख, पीपल का पत्ता और सूरजमुखी।




**जनपद पंचायत सदस्य के लिए:** ब्लैक बोर्ड, बरगद का पेड़, झोपड़ी, ट्रैक्टर चलाता किसान, तराजू, फसल काटता किसान, मशाल, अलमारी, सीलिंग फेन, टीवी, रेल का इंजन, टेलीफोन, डीजल पंप, प्रेशर कुकर, कप प्लेट, लेटर बाक्स, आरी, कंघी, ढोलक, ड्रम, भोंपू, चारपाई और दरवाजा।

## मैं रुक कर चली



मैं रुक कर चली ,
टूटकर चली,
पांव रुक गए, फिर भी मैं चली।

एक कदम और,
खुद को संभालते चली।
टूटती रही कभी - कभी,
दिल को हौंसला देकर,फिर मैं उठ चली।

करती रही खुद से बाते ,
रुकना नही कहती रही।
तेरा भी दिन आएगा ,
सब्र रख कहती रही।
डर मत कांटे देखकर,
चलते रहना मंजिल की ओर,
एक कदम बस और ,
रुकना नही , बस चल।

मैं रूक कर चली ,
टूटकर चली,
पांव रुक गए , फिर भी चली।।

-वैशाली नारनवरे
जिला छिन्दवाड़ा

# नाम वापसी के बाद पंचायतों में मुकाबले की स्थिति स्पष्ट होगी



**रायसेन।** जिला पंचायत सदस्य पद के दो नाम वापस हुए हैं। कुल 134 लोगों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। जिनमें से दस के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि 10 जून है। शुक्रवार को भी कुछ लोग नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद ही प्रत्याशियों के बीच मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो सकेंगी। जनपद सदस्यों और सरपंच पद के लिए नामांकन पत्र जमा करने वाले कई प्रत्याशियों के नाम वापसी की चर्चा चल रही है। संभवतः बीस से अधिक प्रत्याशी घर बैठ सकते हैं। जनपद सदस्य के 144 पदों के लिए कुल 644 और सरपंच के 521 पदों के लिए 2695 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। पहले चरण में बाड़ी व सिलवानी, दूसरे चरण में उदयपुरा, गैरतगंज व बेगमगंज तथा तीसरी चरण में सांची और औबेदुल्लागंज क्षेत्रों में चुनाव कराए जाएंगे।

### निर्विरोध निर्वाचन का प्रयास कर रहे प्रत्याशी

ज्यादातर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रयास कर रहे हैं। कई स्थानों पर सिर्फ दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। इनमें से किसी एक प्रत्याशी के नाम वापसी से दूसरे का निर्विरोध निर्वाचन हो जाएगा। बाड़ी व सिलवानी जनपद में दो-दो जनपद सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सिलवानी के वार्ड क्र.10 के लिए 2, वार्ड क्र.11 के लिए 2, वार्ड क्र.12 के लिए 2, वार्ड क्र.13 के लिए 2, वार्ड क्र.16 के लिए 2, वार्ड क्र.18 के लिए 2 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा हैं। उदयपुरा जनपद में वार्ड क्र.2 के लिए 2, वार्ड क्र.7 के लिए 2, वार्ड क्र.18 के लिए 2 प्रत्याशी हैं। सांची जनपद में वार्ड क्र.3 के लिए 2, वार्ड क्र.4 के लिए 2, वार्ड क्र.17 के लिए 2, वार्ड क्र.19 के लिए 2 प्रत्याशी हैं। औबेदुल्लागंज जनपद में वार्ड क्र.15 के लिए 2, वार्ड क्र.20 के लिए 2, वार्ड क्र.21 के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। जिला पंचायद सदस्य पद के लिए सिर्फ वार्ड क्रमांक 16 में तीन अभ्यर्थी राधा इरपाचे वमनई, सीमा पोर्ते बम्होरी व दीपावाई गेलपुर के नाम निर्देशन पत्र विधि सम्मत पाए गए। जबकि अन्य क्षेत्रों में कई प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।

## सभी अधिकारी समन्वय बनाकर काम करें

नगरीय निकायों के आम निर्वाचन वर्ष 2022 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे की अध्यक्षता में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर दुबे ने कहा कि स्थानीय निर्वाचन निष्पक्षए शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्ना कराने में राजस्व व पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गये दायित्वों का पूरी निष्ठा से समन्वय बनाकर निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व एवं पुलिस अधिकारी पूरी सजगता के साथ कानून और शांति व्यवस्था, आबकारी एक्ट, शस्त्र अधिनियम, शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों में संपत्ति विरूपण नियम का पालन कराएं। सभी अधिकारी उनके क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भ्रमण करें तथा सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान लोगों से भी चर्चा करें तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्ना कराने के लिए आदर्श आचार सहिता तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए।

## मप्र के अर्जुन वास्कले ने खेलो इंडिया में जीता स्वर्ण पदक

भोपाल। हरियाणा के पंचकुला में में आयोजित हो रहे यूथ खेलो इंडिया के एथलेटिक्स के मुकाबले में मप्र के अर्जुन ने 3000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता अर्जुन वास्कले इसके अलावा अकादमी के ही श्याम मिलन बिन्द ने 800 मी के फ़ाइनल में 1-51.68 मे तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव ए मुरलीधर, अध्यक्ष अमानत खान, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, तकनिकी समीति के अध्यक्ष डा राजेश मिश्रा, अजीत पाल गिल, सुनील शुक्ला के साथ एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष मुमताज़ खान ने हर्ष व्यक्त किया है

## पार्वती इलेवन ने सरस्वती इलेवन को हराया

भोपाल। टीटी, नगर स्टेडियम में चल रहा फुटबॉल प्रतियोगिता मेला में बालिका वर्ग के मैच में पार्वती इलेवन ने सरस्वती इलेवन पर 6–5 से रोमांचक जीत दर्ज कर अगले दोर में प्रवेश किया। पार्वती इलेवन की तरफ से धीवानी ने दो ,चहक ,लक्ष्मी, आकांक्षा , और निशा ने एक एक गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। सरस्वती इलेवन की तरफ से यति ने दो ,अनिशा ,अनामिका, और दिशा ने एक एक गोल किया ।अंडर15 आयु वर्ग में शालिनी इलेवन को स्मिटेश इलेवन ने एक के मुकाबले तीन गोलों से पराजित किया ।स्मिटेश इलेवन की तरफ से अनादि , चिराग और देव ने एक एक गोल किया।

## चपाचप बनारसी जनसेवा साहित्य शोध ट्रस्ट व प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा का आयोजन



**वाराणसी।** वाराणसी महानगर के गोलघर मैंदागिन के काशी पत्रकार संघ पराड़कर भवन ऐसी.हाल में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी चपाचप बनारसी जनसेवा साहित्य शोध ट्रस्ट एवं प्रेरणा हिन्दी प्रचार सभा उत्तर प्रदेश द्वारा वन्देमातरम् कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन डॉ.अजीत श्रीवास्तव चपाचप बनारसी के अध्यक्षता और कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के संयोजन/दिशा निर्देशन में किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा.रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश मुख्य अतिथि ने कहा कि मातृ-पितृ भक्ति ही सर्व शक्ति है।इसे सदैव हम सबको जागृत करते रहना चाहिए। पृथ्वी के साक्षात् देवता माता-पिता हैं।उनकी सेवा भक्ति सदैव करते रहना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि डॉ.सुबाष चंद्र, राकेश चंद्र पाठक महाकाल, उर्मिला मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किया। आकाशवाणी, दूरदर्शन की प्रख्यात उदघोषिका कवयित्री अनामिका अर्श एवं कवयित्री झरनामुखर्जी के संचालन में कवि सम्मेलन में एक से एक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। पूर्व प्राचार्या, कवयित्री डॉ.रजनी अग्रवाल, वाग्देवी रत्ना के हे शारदे मां,से शारदे मां हम सबके सुर को,संवार दे मां अत्यंत मार्मिक रचना, इंद्रजीत निर्भीक ने शोला यहीं।शबनम यहीं, बारूद यहीं बम,गाते रहो ये गीत मीत वन्देमातरम, चपाचप बनारसी ने लाल टमाटर देहरादून काट राजा दूननू जून, सुनीता जौहरी ने पर्यावरण को हम सब बचाएंगे, घर -घर जाकर एक दूजे को जगायेंगे।झरना मुखर्जी ने टुकड़ों में बिखरना नहीं जुड़ना है जिंदगी, सुषमा जौनपुरी ने-देश की हालत रहनुमा जब तक खुद ही सुधर कर सुधारेंगे,तब तक इस देश को गर्त से गर्त में ही डालेंगे, फायर बनारसी ने- खेतों और खलिहानों में हम गोला बारूद उगायेगें, अनामिका अर्श ने- ओ मां,ओ मां ,हम सब पर दया कर मां, डॉ.सुबाष चंद्र ने- फूलों सा खिलखिलाते रहना है भेदभाव,ऊंचनीच के भेदभाव को दूर भगाना है।

## छेनी से नहीं काटना पड़ेगी शव की खोपड़ी, एम्स में आई कटर मशीन




**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में शवों के पोस्टमार्टम के दौरान खोपड़ी काटने के लिए छेनी का उपयोग नहीं करना पड़ेगा। इसकी जगह (आटोप्सी–सा) मशीन खरीदी गई है। मस्तिष्क की चमड़ी हटाने के बाद इस मशीन से हड्डी काटी जा सकेगी। इसका फायदा यह होगा कि हड्डियों के टूटने का डर भी नहीं रहेगा। छेनी से हड्डी काटने के दौरान कई बार हथौड़ा या छेनी से डाक्टर को चोट लग जाती थी। यह समस्या दूर हो जाएगी। प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में अभी यह सुविधा नहीं है। एम्स की फोरेंसिक मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अरनीत अरोरा ने बताया कि हड्डी काटने के दौरान निकलने वाले बुरादा को भी यह मशीन सोख लेगी, जिससे पोस्टमार्टम करने वालों को संक्रमण या किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। छेनी से हड्डी टेढ़ी– मेढ़ी कटती थी, जिससे खोपड़ी के परीक्षण में दिक्कत आती थी। अब यह समस्या भी नहीं आएगी। हमीदिया अस्पताल में हर दिन करीब 15 पोस्टमार्टम होते हैं, लेकिन यहां पर यह सुविधा नहीं है। करीब पांच लाख रुपये में यह मशीन आती है, लेकिन गृह विभाग ने यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई है। संक्रमित शवों से पोस्टमार्टम करने वाले को भी संक्रमित होने का खतरा रहता है। एम्स भोपाल देश का पहला संस्थान रहा है जहां कोरोना संक्रमित शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। इसमें यह देखा गया था कि कोरोना वायरस मरीजों को किस–किस अंग में पहुंच रहा है। अभी कई बार कोरोना या दूसरी संक्रामक बीमारियों वाले शवों का पोस्टमार्टम करना पड़ता है। यहां के डाक्टरों ने बताया कि यह मशीन आने से समय की बचत भी होगी। बता दें कि यहां पर हर दिन तीन से चार शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश,उम्मीदवारों और दलों से कराएं आचार संहिता का पालन




**भोपाल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के चलते जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लगाई गई है। ऐसे में कलेकटर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश लवानिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से आचार संहिता का पालन कराएं। इसका पालन कराने के लिए वह अपने स्तर पर हर तरह के आवश्यक कदम उठाए। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवा ई सुनिश्चित करें ।

### ऐसा कोई कार्य न करें जिससे तनाव हो पैदा

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए। जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाए या घृणा की भावना उत्पन्न करे या तनाव पैदा करे। जब अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए। तब वह उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए। यह भी आवश्यक है कि व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। जिनका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। दलों या उनके कार्यकर्ताओं के बारे में कोई ऐसी आलोचना नहीं की जानी चाहिए । जो ऐसे आरोपों पर जिनकी सत्यता स्थापित न हुई हो या जो तोड़ - मरोड़ कर कही गई बातों पर आधारित हो।

**धार्मिक स्थानों पर नहीं होगा चुनाव प्रचार:** मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। मस्जिदों, गिरजाघरों, मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। सभी दलों और अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से ईमानदारी के साथ बचना चाहिए जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध हैं जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, धमकाना जैसी गतिविधियों को नहीं करना चाहिए।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी जेल दाखिल

## महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सशक्त है कोरिया पुलिस।।



**कोरिया।** महिलाओं और युवतियों के खिलाफ हो रहे अपराधों पर शासन और सरकार की सख्ती को देखते हुए केल्हारी पुलिस भी सक्रिय है। अब कोरिया में महिलाओं को डरने की जरूरत नही है। जिले के केल्हारी थाना अंतर्गत घर में घुसकर एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 16 घंटे के पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी केल्हारी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड ने बताया कि मामला कोरिया जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र का है जहां ग्राम रोझी में रात लगभग 2 बजे आरोपी पप्पू सिंह ने महिला को बेइज्जत करने की नीयत से उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ की है। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर केल्हारी थाना प्रभारी जवाहरलाल गायकवाड़ द्वारा तत्काल मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर को दी गई जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में तुरंत पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के महज कुछ घंटों के भीतर आरोपी पप्पू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी के विरुद्ध धारा 354, 457 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड, प्रधान आरक्षक शेषनारायण सिंह, निकोलस मिंज, प्रेम प्रवीण लकरा, आरक्षक दीपक मिंज, सीताराम वारे, अजय राजवाड़े, मनोज राजवाड़े, प्रदीप साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोरिया में बाघ की मौत का हुआ खुलासा

## घटना में शामिल 4 गिरफ्तार।1 फरार, पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना बाघ की हत्या का मामला।

**कोरिया।** जिले के गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत पार्क परिक्षेत्र रामगढ़ में बाघ को जहर देकर मारने के मामले में वन विभाग की टीम ने घटना में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है वही एक आरोपी अभी भी फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत पार्क परिक्षेत्र रामगढ़ में सोमवार को उस समय हलचल मच गई जब ग्रामीणों ने एक नर बाघ को मरे हुए हालात में देखा। देखते ही देखते यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई।

उपस्थित ग्रामीणों ने तत्काल इस बात की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस थाने में दे दी। इसके बाद वन अमला हरकत में आया।सूचना मिलने के बाद जब पार्क परिक्षेत्र रामगढ़ के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बाघ के शव के आसपास की तलाशी ली तो कुछ दूरी पर उन्हें एक भैंसे की भी लाश मिली। उन्होंने अंदाजा लगाया कि भैंस की मौत के बाद उसके मांस में किसी ने जहर मिला दिया होगा जिसे खाने से बाघ की मौत हो गई होगी। वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल मामले की जानकारी अपने




वरिष्ठ अधिकारियों को दी जिसके बाद शाम तक वन विभाग के उच्च अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गये। रात ज्यादा हो जाने के कारण बाघ का पोस्टमार्टम मंगलवार को सुबह किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने अंदेशा जताया कि जहरीले मांस खाने की वजह से ही बाघ की मौत हुई है जिसके बाद वन अमले ने गांव में ही सर्च अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर टीम ने गांव के ही चार व्यक्तियों पर शक जाहिर करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने टाइगर की हत्या करने के मामले में ग्राम सलगवांखुर्द निवासी प्रेम साय पिता सुरजदिन(63), बुद्धेश्वर पिता प्रेम साय(35), रामबदन पिता सूरजदिन(39), सुमेर साय पिता बजरंगी(58) को हिरासत में लिया है।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम 1972 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी बाबू साय पिता रामा उम्र 50 वर्ष निवासी सलगंवा खुर्द घटना के बाद से फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



# नशीले सिरप एवं टेबलेट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरिया।** जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत अवैध नशीली दवाई, सिरप का परिवहन करने और बेचने की कोशिश करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर परिवहन में उपयोग किए जा रहे मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, उप पुलिस अधीक्षक नेल्सन कुजूर के मार्गदर्शन में निजात अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 7 जून 2022 को मुखबिर से सूचना मिली कि 3 व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो से सूरजपुर की ओर से आनी के रास्ते बैकुंठपुर नशीली दवाई एवं सिरप बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना पर ग्राम आनी हाई स्कूल के सामने मेन रोड पर घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अभिमन्यु चौरसिया निवासी सासाराम बिहार, मनोज नायक निवासी हरापारा , किशन चौरसिया निवासी ओड़गी नाका बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नशीली सिरप कोडीन फोस्फेट 100 एम एल 60 सीलबंद हालत कीमत 10500 रुपये और नशीली टेबलेट 120 कीमत 2971, पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 एक्स 0275 कीमत लगभग 50000 रूपये कुल 63000 रुपये गवाहो के समक्ष जप्त किया गया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक कामेश्वर पैकरा, आरक्षक इलियास कुजूर, केशव सोनवानी, भानु प्रताप, दिनेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एडीजी शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर ने किया जिले के संवेदनषील मतदान केन्द्रों एवं स्ट्रॉन्ग रूम का भ्रमण



**शहडोल।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्गित रखते हुए एडीजी शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर के द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के साथ आज दिनांक 09.06.2022 को अनूपपुर जिले के ग्राम बम्हनी, बरबसपुर एवं सीतापुर के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया गया, एवं मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं देखी गयी। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से चर्चा की गयी एवं निर्वाचन में भाग लेने के लिए लोगों को उत्साहित किया गया। तद्उपरांत बीटीआई बिल्डिंग अनूपपुर के स्ट्रांग रूम का भ्रमण कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त भ्रमण के दौरान एडीजी शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर द्वारा अत्यधिक संख्या में वारंट तामीली, बाउन्ड ओव्हर, फाईनल बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही, अवैध शराब, अवैध शस्त्र के विरूद्व कार्यवाही एवं लायसेंसी शस्त्र अधिक से अधिक जमा कराने के संबंध में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को निर्देषित किया गया । भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक श्री डीसी सागर के साथ पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल, अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल उपस्थित थें।






# गौठान से केंचुआ बेचकर बीरा बाई को हुई 84 हज़ार रुपये की आय, तो मन मुताबिक मोबाइल फोन खरीद पाई

- फुलकुंवर को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का मिल रहा लाभ, अपने अनुभव साझा करती महिलाओं में झलक रहा आत्मविश्वास
- हाट बाजार क्लिनिक का समय बढ़ाने की मांग, हितग्राही कर रहे सराहना



**कोरिया।** सोनहत के ग्राम पंचायत रजौली में कलेक्टर जनचौपाल में आई ग्राम धनपुर की श्रीमती फुलकुंवर ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा के समक्ष बताया कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत उन्हें राशि मिली है। गांव-घर में इस राशि से परिवार की बहुत मदद हो जाती है। ये बताते हुए फुलकुंवर के चेहरे की चमक देखते ही बनती है। शासन द्वारा निरंतर कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी के में संचालित विभिन्न योजनाओं की कड़ी में प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत तीसरी क़िस्त में जिले के कुल 3399 हितग्राहियों को 2000 रूपये की राशि उनके खाते में मिली है।शासन द्वारा निरंतर कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी परिवारों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की कड़ी में प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह सोनहत के पोड़ी गौठान में वर्मी कम्पोस्ट और केंचुआ उत्पादन की आजीविका में संलग्न बीरा बाई ने बताया कि उन्हें केंचुआ विक्रय से 84 हज़ार 300 रुपये मिले हैं। अपनी कमाई का आत्मविश्वास अब ग्रामीण महिलाओं के चेहरों पर झलक रहा है। बीरा बाई कहती हैं कि अपने हाथ कमाई आने से मन मुताबिक मोबाइल फोन खरीद पाई हूं। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक के ज़रिए आसानी से ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच रही है।कलेक्टर जनचौपाल में ग्रामीणों ने एमएमयू से मिल रहे फायदे स्वयं गिनवाए और बताया कि नियमित रूप से जांच और इलाज के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने एमएमयू का समय बढ़ाने की मांग की।

# भाजपा महिला मोर्चा मनेंद्रगढ मंडल द्वारा नर्सों एवं मेडिकल स्टाफ का किया गया सम्मान

**मोदी सरकार के 8 साल होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रूप में मनाया जा रहा**



**मनेंद्रगढ।** भारतीय जनता महिला मोर्चा के द्वारा मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में कार्यरत नर्स एवं मेडिकल स्टाफ का सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा निरंतर किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की सराहना की गई। इस द्वारान सिस्टर एस. डेबिट, अनुपमा, सकरा बानो, सुहिता रॉय, रीता , संगीता, नीता एवं अन्य का सम्मान किया गया। मेडिकल स्टाफ के सम्मान के बाद सभी मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा कोरिया की प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा प्रवीण सिंह , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला नेताम, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अंकुर जैन, जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा आशीष मजूमदार , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता पासी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष वारिस खान, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, पार्षद जफरुन निशा, भाजपा के वरिष्ठ जे.के. सिंह, जया कर, प्रवीण निशी, अलका गांधी, रेवती सोनी, श्यामा सेन, उर्मिला राव, अलका विश्वकर्मा, रोहिणी सिंह, निर्मला निषाद, दिव्या गुप्ता ,जमील शाह आदि भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# कांग्रेस पर्यवेक्षक कमल मरावी ने ली नपा.चुनाव को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक 6 तक करें आवेदन



**अनूपपुर (ब्यूरो)** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी द्वारा नगर पालिका चुनाव को लेकर प्रदेश भर में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है उसी तारतम्य में कमल मरावी को अनूपपुर जिले की नगर पालिका के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।जिन्होंने अनूपपुर पहुंचकर सर लगन पैलेस में कांग्रेश जनों की बैठक रायशुमारी ली।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो लोग भी चुनाव लड़ना चाहते हैं वह अपना आवेदन 6 जून 2022 तक अवश्य जमा करें जिससे प्रदेश कांग्रेस को चुनाव लड़ने वालों की सूची प्रेषित की जा सके।बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेश जन एकजुटता के साथ चुनाव लड़े और सर्वसम्मति से सभी वार्डों में एक-एक प्रत्याशी का चयन किया जाए।प्रत्याशी ज़मीनी स्तर पर कार्य करने वाला हो,कांग्रेस का वफादार सिपाही हो और जो जनता के लिए समय दे सके ऐसे प्रत्याशी ही सामने आए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि नगर पालिका चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी उनके पास अपने आवेदन 6 जून 2022 तक अवश्य जमा करें।

# अनूपपुर , 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर ने रेलवे परिक्षेत्र




**अनूपपुर।** अनूपपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया इस अवसर पर रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं रेलवे कर्मचारियों ने नीम आंवला एवं अन्य फलदार पौधा लगाया , रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव रामदास राठौर ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी के मार्गदर्शन एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार के निर्देश पर एवं संयुक्त महामंत्री व सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव जी के नेतृत्व में 05 जून 2022 दिन रविवार सुबह 9ः00 बजे से फिल्टर हाऊस रेलवे कालोनी में वृक्षारोपण किया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे मजदूर कांग्रेस नेता लक्ष्मण राव ने कहा की रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के पंचशील कार्यक्रम वृक्षारोपण , रक्तदान , परिवार नियोजन , खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम , स्वच्छता अभियान के तहत मजदूर कांग्रेस संगठन कार्य करती है , पंचशील कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम 05 जून 15 अगस्त तक बिलासपुर मंडल में वृक्षारोपण किया जाता है , रेलवे मजदूर कांग्रेस के द्वारा वृक्ष लगाओ , प्रर्यावरण बचाओ अभियान के तहत रेल परिक्षेत्र में हजारों वृक्ष लगाए जा चुके हैं , अनूपपुर में फिल्टर हाऊस रेलवे कालौनी में 07 वर्षों में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 50 वृक्षारोपण का आंवला पार्क बन चुका है वृक्षारोपण कार्यक्रम में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा पदाधिकारी सर्व श्री शाखा कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय , कोषाध्यक्ष जयंतो दास गुप्ता , सहायक सचिव सुमित कुमार सिंह , पी व्यंकट राव , मिथलेश यादव , शंकर गोस्वामी , जगदीश मेट , गणेश राठौर, जगदीश राठौर, भाग वाली राठौर, मुन्ना राठौर, मोहनलाल राठौर, हरिवंश राठौर, जानकी प्रसाद, सुखीराम, रमेश कोल, चंद्र प्रकाश साहू, अभिषेक कुमार,आदि उपस्थित रहे।

# यूजी में करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों को पहली पसंद का कालेज मिला

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से 1317 निजी और सरकारी कालेजों में प्रवेश के लिए आनलाइन प्रक्रिया जारी है। इस बार स्नातक(यूजी) और स्नाताकोत्तर(पीजी) में पंजीयन से लेकर प्रवेश में छात्राएं आगे हैं। इस बार प्रथम चरण में यूजी व पीजी प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम है। यूजी में प्रथम चरण के लिए 1,60,780 सीटें आवंटित की गई है। इसमें 1,49,154 विद्यार्थियों को पहली पसंद का कालेज आवंटित किया गया है। इसके बावजूद विद्यार्थी फीस जमा कर अपनी सीटें सुरक्षित नहीं कर रहे हैं। चार दिन में अब तक 47,490 विद्यार्थियों ने शुल्क जमा कर प्रवेश लिया है। इसमें 28,732 छात्राएं और 18,758 छात्रों ने प्रवेश लिया है, जबकि प्रवेश के लिए और दो दिन का समय है। 11 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। वहीं पीजी में भी 43,928 सीटें प्रथम चरण में आवंटित की गई है। इसमें से 39,650 को उनके पसंद का कालेज दिया गया है। इसके बावजूद अब तक करीब नौ हजार विद्यार्थियों ने शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित किया है। इसमें 5,820 छात्राएं और 3,186 छात्रों ने प्रवेश लिया है। पीजी में 13 जून तक शुल्क जमा कर विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

# धनपुरी पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुये गुम बच्चो को कुछ घंटो के अंदर दस्तयाब किया

**धनपुरी एसडीओपी अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में तत्कालीन बच्चों को ढूंढ निकाला**





**शहडोल।** धनपुरी। दिनांक 05.06.22 को फरियादी धनीराम पवेल पिता कल्ला पवेल उम्र 29 साल निवासी ग्राम नेमुहा मचहाटोला थाना बुढ़ार हाल सैटिंग टोला थाना बुढ़ार का थाना धनपुरी आकर सूचना देते हुये रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 04.06.22 को अपने 06 वर्षीय नाबालिक पुत्र व 03 वर्षीय नाबालिक पुत्री को लेकर नरगड़ा मोहल्ला धनपुरी रात 09 बजे कुछ काम से आया था जो वह काम में व्यस्त हो गया उसके अचानक गायब हो गये काफी पता तलास किया परन्तु कही पता नहीं चला तो रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूँ जो सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत के कराते हुये अज्ञात आरोपी के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 363 ताहि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण सदर की विवेचना एवं गुम बच्चो की दस्तयाबी पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में टीम घटित कर पता तलास हेतु रवाना किया गया पतासाजी के दौरान विवेचना टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये दोनो बच्चो को टिकरी टोला थाना बुढ़ार से दस्तयाब किया गया एवं फरियादी धनीराम पवेल को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। विवेचना के दौरान बच्चो के साथ कोई भी आपराधिक कृत्य घटित नही होना पाया गया। गुम बच्चो की पतासाजी व दस्तयाबी में वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश में एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनपुरी नरबद सिह धुर्वे, सउनि अंजना अहिरवार, प्र. आर. 404 शरद प्रजापति, प्र.आर. 305 दिनेश सिंह, आर. 678 अमित सिंह,आर.685 रामजी गौतम एवं आर.664 मनोज सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

संपादकीय

## कृषि के क्षेत्र में मप्र देश में सर्वोपरि



किसानों की अथक मेहनत से आज प्रदेश कृषि विकास के क्षेत्र में सर्वोपरि है। प्रदेश को कृषि उत्पादन तथा योजना संचालन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए सात कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त हुए हैं। प्रदेश आज दलहन-तिलहन के क्षेत्र और उत्पादन में देश में प्रथम है। सोयाबीन, उड़द के क्षेत्र एवं उत्पादन में प्रदेश, देश में प्रथम है। गेहूँ, मसूर, मक्का एवं तिल फसल के क्षेत्र एवं उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। सम्पूर्ण खाद्यान्न फसलों के उत्पादन में प्रदेश का देश में तीसरा स्थान है। मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले कृषि को लाभदायी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाये थे। मुख्यत~ पाँच आधार बिन्दु क्रमश~ कृषि लागत में कमी, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, कृषि विविधीकरण, उत्पाद का बेहतर मूल्य और कृषि क्षेत्र में आपदा प्रबंधन पर संकल्पित होकर कार्य किया गया। वर्ष 2004-05 में प्रदेश का कुल कृषि उत्पादन मात्र 2 करोड़ 38 लाख मी.टन था जो वर्ष 2020-2021 में बढ़कर 6 करोड़ 69 मी. टन हो गया है।

### जैविक/ प्राकृतिक खेती

प्रदेश में जैविक खेती का कुल क्षेत्र लगभग 16 लाख 37 हजार हेक्टेयर है जो देश में सर्वाधिक है। जैविक उत्पाद का उत्पादन 14 लाख 2 हजार मी.टन रहा, जो क्षेत्रफल की भाँति ही देश में सर्वाधिक है। जैविक खेती को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदेश में कुल 17 लाख 31 हजार क्षेत्र हेक्टेयर जैविक प्रमाणिक है, जिसमें से 16 लाख 38 हजार एपीडा से और 93 हजार हेक्टेयर क्षेत्र, पी.जी.एस. से पंजीकृत है। प्रदेश ने पिछले वित्त वर्ष में 2683 करोड़ रूपये के मूल्य के 5 लाख मी.टन से अधिक के जैविक उत्पाद निर्यात किये हैं। प्रदेश में जैविक वनोपज भी ली जा रही है। इस वर्ष प्रदेश में 99 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य है। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में जैविक/ प्राकृतिक खेती को शामिल करने की योजना है। दोनों कृषि विश्वविद्यालय में कम से कम 25 हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती प्रदर्शन श्रेत्र में बदला जायेगा।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना:** वर्ष 2016 से प्रारम्भ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए प्रदेश के वार्षिक बजट में 2200 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान है। प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कुल वर्षवार 4 करोड़ 43 लाख 61 हजार 570 किसान खरीफ 2016 से रबी 2021-22 तक (पाँच वर्षों में) पंजीकृत हुए।

# मोदी के 8, बाकी के 60 साल

*देश की सुरक्षा प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और सेना का वन रैंक-वन पेंशनका सपना साकार कर दिया गया है। चीन से सीमा विवाद के चलते और पूर्वोत्तर की सुरक्षा चुनौतियों से जूझते भारत ने अब अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत कर लिया है। पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अब बोगीबिल पुल के बनने से सेना देश के किसी भी हिस्से से बहुत कम समय में चीन से लगती सीमा पर पहुँच जाएगी। सेना की लामबंदी और फ़ॉरवर्ड क्षेत्र में रक्षा आपूर्ति का काम आसान हो जाएगा। इस प्रकार चीन पर अब भारत को सामरिक बढ़त हासिल हो गई है। विकास का अर्थ है कि सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक संरचना, संस्थाओं और सेवाओं की बढ़ती क्षमता जो संसाधनों का उपयोग इस प्रकार से कर सकें, जिससे जीवन स्तर में अनुकूल परिवर्तन आए।*

लोकतंत्र का मनोरथ आम लोगों की भलाई होता है। हमारे देश में लोकतंत्र तो स्थापित हुआ किंतु शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, सामाजिक न्याय, सड़क जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े जन-कल्याणकारी मुद्दे सरकार की प्राथमिकताओं में वर्ष 2014 में शामिल किए गए। 26 मई 2014 का दिन देश के भविष्य का ऐतिहासिक और प्रभावकारी दिन बन गया, जब देश का नेतृत्व जमीन से जुड़े उस महान नेता को मिला, जिनकी हर साँस में भारत माता की बेहतरी की अनगिनत कोशिशें और कार्यों में देश के प्रति असीम प्रतिबद्धता रही है। दरअसल जन-कल्याण की सबसे आवश्यक मांग होती है, ऐसा सकारात्मक और दूरदर्शी नेतृत्व जिनमें आम जनता के सर्वांगीण विकास करने की जिजीविषा और कार्य-योजना हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूचे देश को एक सूत्र में बांध कर ÷एक भारत-सम्पूर्ण भारत%% के सपने को साकार कर दिया है। आज़ाद भारत में विकास के सपने तो कई सरकारों ने दिखाए, लेकिन उनके प्रशस्त होने का सिलसिला शुरू हुआ वर्ष 2014 से। विकास का अर्थ हमेशा सकारात्मक बदलाव से होता है और यह बदलाव अब नजर आ रहा है लोगों के मनोभावों में, युवाओं के सपनों में, बुजुर्गों के विश्वास में, मातृ-शक्ति के सशक्तिकरण में, उद्यमिता में और सरहदों की रक्षा करने वाले हमारे जांबाज़ जवानों में। वर्ष 1962 में चीन से युद्ध में हमारे जवानों के पास न तो उपयुक्त हथियार थे और न ही पूर्वोत्तर की जटिल परिस्थितियों तक पहुँचने के मार्ग। नतीजा हमारे जवानों को रसद तक न मिल पाई। आज का भारत बदल गया है। कश्मीर से धारा 370 खत्म कर उस घाव को भर दिया गया है, जिससे भारत का हर नागरिक बैचेन रहता था। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के उस दंश से मुक्ति मिल गई है, जिससे कई माता-बहनों की ज़िन्दगी तबाह हो जाती थी।

देश की सुरक्षा प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और सेना का ÷वन रैंक-वन पेंशन%% का सपना साकार कर दिया गया है। चीन से सीमा विवाद के चलते और पूर्वोत्तर की सुरक्षा चुनौतियों से जूझते भारत ने अब अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत कर लिया है। पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अब बोगीबिल पुल के बनने से सेना देश के किसी भी हिस्से से बहुत कम समय में चीन से लगती सीमा पर पहुँच जाएगी। सेना की लामबंदी और फ़ॉरवर्ड क्षेत्र में रक्षा आपूर्ति का काम आसान हो जाएगा। इस प्रकार चीन पर अब भारत को सामरिक बढ़त हासिल हो गई है। विकास का अर्थ है कि सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक संरचना, संस्थाओं और सेवाओं की बढ़ती क्षमता जो संसाधनों का उपयोग इस प्रकार से कर सकें, जिससे जीवन स्तर में अनुकूल परिवर्तन आए।

देश में कच्ची सड़कों को पक्की सड़कों में बदल दिया गया है। देश की बड़ी आबादी के पास रहने के लिए घर नहीं थे,आज़ादी के बाद अब जाकर उन्हें पक्का घर नसीब हुआ है। एक दौर था जब भारत में होने वाली कन्या भ्रूण हत्या को लेकर वैश्विक बदनामी होती थी। अब मोदी के ÷बेटी बचाओ-बेटी-पढ़ाओ%% अभियान को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। उज्जवला योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है और बहु-बेटियों के लिए वरदान बन गई है। इसी प्रकार बैंक में खाता खुलवाना और एटीएम रखना अमीरों तक



■ **नमामि गंगे से देश की 40 फीसदी आबादी के जीवन पर आमूल-चूल परिवर्तन आया है। वहीं भारत के हर गाँव तक बिजली पहुँचाने के महत्वाकांक्षी मिशन ने देश को रौशन कर दिया है।**

सीमित था। आजादी के 6 दशक बाद भी भारत में बड़ी संख्या में ऐसी आबादी थी, जिन्हें बैंकिंग सेवाएँ हासिल नहीं थी। इसका मतलब है कि उनके पास न तो बचत का कोई जरिया था, न ही संस्थागत कर्ज पाने का कोई अवसर। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बुनियादी समस्या का समाधान करने के लिए जन-धन योजना की शुरुआत की। इस योजना ने लाखों भारतीयों के जीवन और भविष्य को पूरी तरह से बदल दिया है। अब देश की अधिकांश आबादी के पास उनका बैंक अकाउंट है और इससे सरकार की सीधी मदद उनके बैंक अकाउंट तक पहुँचती है। देश की आबादी की तकरीबन 68 फीसदी जनसंख्या गाँवों में रहती है। गाँवों को विकास से जोड़ कर ही देश का चहुँमुखी विकास हो सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों और ग्रामीणजन के जीवन में बदलाव की एक स्वर्णिम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से भारत के ग्रामीण समाज का विकास और प्रगति से सीधे जुडने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे किसानों और ग्रामीणों की भूमि को लेकर जो नया विजन सामने लाया गया है, वह विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। देश के अन्नदाता किसानों का आत्मबल मजबूत करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए भी विशेष प्रयास हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बनाई गई, जिसमें लघु एवं सीमान्त किसानों को एक साल में तीन किश्तों में 6 हजार रूपये दिये जा रहे हैं। हाल ही में देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को सम्मान निधि की 11वीं किश्त जारी की गई। अब किसानों को प्राकृतिक खेती से भी जोड़ा जा रहा है। देश का नेतृत्व संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने दो बड़ी योजनाओं, मेक इन इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पहली योजना का मक़सद उद्योग और निवेश को बढ़ावा देना और दूसरी का स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना था। मेक इन इंडिया का मक़सद लालफीताशाही को कम करना, विदेशी उद्योगों को भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना और देश की जन-शक्ति को रोज़गार प्रदान करने की अनुमति देने का था। सरकार ने आगे बढ़ते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के द्वार भी खोल दिए। स्वच्छ भारत अभियान ने दुनिया में देश की छवि को बदल दिया है। यह अभियान लोगों का जोरदार समर्थन पाकर जन-आंदोलन बन गया है। नमामि गंगे से देश की 40 फीसदी आबादी के जीवन पर आमूल-चूल परिवर्तन आया है। वहीं भारत के हर गाँव तक बिजली पहुँचाने के महत्वाकांक्षी मिशन ने देश को रौशन कर दिया है। देश जन धन-आधार और मोबाइल (JAM) के उपयोग से आमूल-चूल बदलाव करने वाले सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ये प्रत्यक्ष नकद हस्तांकरण के लिए एक यूनीक कॉम्बिनेशन है। इससे अनोखी पद्धति से बिना किसी लीकेज के लोगों तक सीधे लाभ पहुँचाए जा सकेंगे। शिक्षा की गुणवत्ता और उसकी पहुँच बढ़ाने के लिए कई यूनिक उपाय किए गए हैं। बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा दिया जा रहा है। चाहें ये रेलवे हो, सड़क हो या शिपिंग। सरकार संपर्क बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर फोकस कर रही है। सागरमाला परियोजना की तरह तटीय समुदायों के विकास के जरिए एक समग्र बंदरगाह आधारित विकास सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार श्रमेव जयते के सिद्धांत पर कड़ी मेहनत कर रही है। यह आठ साल देश के स्वर्णिम विकास के आठ साल है और यही कारण है कि इस दौर का भारत स्वर्णिम और मजबूत भारत के रूप में दुनिया में पहचान बनाने में सफल रहा है।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री है**

# कोविड-19 के खिलाफ संकटमोचक बना आयुष विभाग

**अनादिकाल** से भारतीय संस्कृति में रोगों के निदान के लिए आयुर्वेद से उपचार कारगर माना गया है। चरक भारतीय चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) के मानक ग्रंथ हैं। आयुर्वेद ग्रंथ की रचना आचार्य चरक ने की थी। भारतीय जीवन शैली में आयुर्वेद शामिल रहा है। वर्तमान कोरोना संकट के समय आयुष ने संकटमोचक की भूमिका निभाकर रोग से लडने और मुक्त होने में सहायक बना है। मध्यप्रदेश सरकार ने दुनिया के समक्ष आए सबसे बड़े संकट कोविड-19 से मुक्ति के लिए आयुष पद्धति को अपनाया। कोविड-19 में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में विभिन्न औषधि एवं आहार विहार को अपनाकर कोरोना पर नियंत्रण प्राप्त किया। इस संकटकाल में मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग ने जिस तरह सक्रियता से कार्य किया, वह उल्लेखनीय रहा। आयुष विभाग ने आयुष चिकित्सालयों,




### भारत सरकार की सराहना

पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, भोपाल द्वारा 'आरोग्य कषायम-20' का लक्षण रहित एवं अल्प लक्षण वाले कोविड-19 रोगियों में प्रभावों का आंकलन करने के लिये रेन्डमाइज्ड एवं नियंत्रित अध्ययन किया गया। भारत सरकार ने मध्यप्रदेश में हुए इस शोध की प्रशंसा की है। अब पीएमओ द्वारा इसका विश्लेषण किया जा रहा है। कोरोना केयर सेंटर होम्योपेथिक केन्द्र पर केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में लक्षण रहित कोविड पॉजिटिव रोगियों को स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकाल के साथ चिन्हित होम्योपैथी औषधियों के तुलनात्मक प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है।

औषाधालयों का उन्नयन करने के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला चिकित्सालयों में आयुष विंग की स्थापना कर आयुष सेवा का प्रभावी क्रियान्वयन किया। भारत सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन में अनेक स्तरों पर आयुर्वेद संबंधी शोध का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में भविष्य को दृष्टि में रखकर आयुर्वेद की शिक्षा को भी विस्तार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जीवन अमृत योजना में प्रदेश के 1773 औषधालयों, 23 चिकित्सालयों, 36 आयुष विंग एवं 9 आयुष महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय द्वारा रोग प्रतिरोधक दवाओं का वितरण किया गया। यही नहीं, लॉकडाउन अवधि में 1847 दलों द्वारा होम्योपैथी, यूनानी, आयुर्वेद दवा एवं काढ़ा (रोग प्रतिरोधक) का वितरण घर-घर पहुँच कर किया गया। आयुष विभाग ने सबसे अहम कार्य प्रवासी मजदूरों की विशेष रूप से स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण का किया। कोविड-19 के क्वारेंटाइन, पॉजिटिव रोगियों, आयुष महाविद्यालय एवं कोविड केयर सेंटर में भर्ती रोगियों को 'आरोग्य कषायम-20' का सेवन कराये जाने से 39 हजार से ज्यादा रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

# जैविक खेती में देश में अग्रणी है मध्यप्रदेश

देश के अन्य प्रदेश आज जब जैविक खेती की दिशा में कार्य शुरू कर रहे हैं तो मध्यप्रदेश की तारीफ करनी होगी जहाँ मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने वर्ष 2011 में ही जैविक कृषि नीति तैयार कर उस पर अमल शुरू कर दिया था। इसी का परिणाम है कि मध्यप्रदेश को न केवल जैविक कृषि लागू करने वाला देश के पहले प्रदेश बल्कि देश में सर्वाधिक प्रमाणित जैविक कृषि क्षेत्र वाले प्रदेश होने का गौरव भी हासिल है। कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की अपनी विशेषताएँ हैं और यह पिछले डेढ़ दशक में प्रमाणित भी हुआ है।

इस अरसे में प्रदेश की कृषि विकास दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। खेती-किसानी नुकसान के जाल से बाहर निकली। अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का फल वाजिब दामों के रूप में मिला। प्राकृतिक आपदाओं और मानसून की बेरूखी से होने वाले नुकसान के समय में सरकार के किसानों के साथ खड़े होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य लगातार बेहतर हुआ। आर्गेनिक वर्ल्ड रिपोर्ट 2021 के आधार पर वर्ष 2019 में विश्व का 72.3 मिलियन



हेक्टयर क्षेत्र जैविक खेती हेतु उपयोग में लिया गया है। इसमें एशिया का 5.1 मिलियन हेक्टयर क्षेत्र भी शामिल है। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों में जैविक खेती में वृद्धि हुई है जिसमें मध्यप्रदेश जैसे राज्यों का विशेष योगदान है। इसका मुख्य कारण अधिक रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों से होने वाला दुष्प्रभाव हैं, जिसने सरकार को इस दिशा में विचार करने के लिए प्रेरित किया। जैविक खेती के अंतर्गत मुख्यतः खाद्यान्न फसलें, दलहन, तिलहन, सब्जियाँ तथा बागान वाली वाली फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। इन सब फसलों में जैविक खेती का बढ़ता प्रचलन मुख्यतः उपभोक्ता की माँग पर आधारित है।

# तेज रफ्तार व स्टेयरिंग लाक होने से चली गईं चार लोगों की जान

**रायसेन/ देवनगर।** ग्राम किशनपुर से ओढ़ परिवार जिस वैन में सवार होकर जा रहा था उसकी रफ्तार तेज तथा स्टेयरिंग लाक हो जाने के कारण डंपर से हुई टक्कर भीषण हादसे में बदल गई। बताया जाता है कि ओढ़ परिवार को जल्द सलकनपुर पहुंचना था। रात में सुरजीत ओढ़ को सूचना मिली थी कि उनके ससुर का सलकनपुर में निधन हो गया है। इसलिए अंत्येष्टी में शामिल होने के लिए वे सुबह 5 बजे वैन से घर से रवाना हुए और करीब दो सौ किमी दूर की यात्रा जल्द पूरा करना चाहते थे। वैन चालक मनोहर गोयल ने रायसेन मार्ग पर वाहन की गति तेज कर दी थी। जैसे ही सामने से रेत का भरा डंपर आया तो वैन का स्टेयरिंग लाक हो गया। इस कारण डंपर के अगले दाहिने हिस्से टक्कर लगने के बाद वैन को नियंत्रित नहीं कर सका और वाहन पलट कर काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया। चालक के सिर में गंभीर चोट आई वह स्टेयरिंग पर ही गिर गया था। चालक की साइड वैन में बैठीं अनीता ओढ़ 38 वर्ष, उनकी बेटी हनी उर्फ नित्यांशा 5 वर्ष, बुआ सास साधना 55 वर्ष की भी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की वीभत्वता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इनमें से एक का सिर, हाथ कट गए और दो लोगों के शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए थे।



## चार लोगों को कम चोटें आईं-

वैन में कंडक्टर साइड बैठे सुरजीत ओढ़ 43 वर्ष, इनकी मां रामबाई 70 वर्ष, भाई प्रमोद 45 वर्ष व बहन गुड्डी 50 वर्ष घायल हुए हैं। जैसे ही वैन पलटी यह लोग दूसरी साइड होने के कारण गंभीर रूप से घायल होने से बच गए हैं। सुरजीत को अपने ससुर की अंत्येष्टी में शामिल होने जाना था, लेकिन इस हादसे में उसकी पत्नी, बेटी व बुआ की मौत होने के कारण उसे इनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। पूरा गांव हादसे के बाद शोक में डूब गया। वैन चालक मनोहर भी इसी ग्राम का रहवासी था। इस तरह गांव में चार शवयात्राएं निकालीं गईं। बड़ी संख्या में ग्राम के लोग शवयात्रा में शामिल हुए और शोक तथा दुख व्यक्त किया है।

## एक वर्ष में सौ से अधिक लोगों की मौत-

जिले में एक वर्ष में सड़क हादसों में सौ से अधिक लोगों की मौत हुई है। प्रतिमाह करीब दस लोग सड़क हादसों में जान गवां रहे हैं। जबकि घायलों की संख्या हजारों में है। रोजाना जिले में सड़क हादसे होते हैं। इन हादसों में पांच से छह लोगों के घायल होने की सूचनाएं मिलती हैं। बीत माह दो बड़े हादसों में छह लोगों की मौत हुई थी। भोजपुर मार्ग पर बारातियों से भरी कार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## डंपर को जब्त कर चालक पर प्रकरण दर्ज-

हादसे की सूचना मिलते ही देवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। वैन चालक मनोहर को डायल-100 से रायसेन जिला अस्पताल भिजवाया। जबकि चार अन्य घायलों को 108 से अस्पताल भिजवाया। तीन मृतकों को गैरतगंज अस्पताल लेकर गए। मौके पर ही फरियादी प्रदीप कुमार की रिपोर्ट पर डंपर क्रमांक एमपी 04 जी 7754 के चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 304ए आईपीसी का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपित डंपर चालक भाग गया है।

# धर्मगुरु का दीदार पाते ही खुशी छलक उठे बोहरा समाज के लोगों के आंसू



**रायसेन।** बुधवार शाम 4:30 बजे विदिशा से रायसेन पहुंचे बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डा. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की एक झलक पाने के लिए लोग उमड़ पड़े। पहले से ही इंतजार में खड़े समाजजनों को उनके दीदार होते ही आंखों से खुशी के आंसू झलक आए। पूरा परिसर मौला मौला की आवाज से गूंज उठा। उनकी एक झलक पाने समाजजनों में ऐसी होड़ मची थी कि छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोग तक अपने घरों के बाहर खड़े होकर उनके दीदार का इंतजार कर रहे थे। शहर के वार्ड नंबर 5 के तिपट्टा बाजार में स्थित बोहरा समाज के लगभग दस घरों में चंद मिनटों के लिए गए। इसके बाद महामाया चौक व सागर तिराहे पर समाज के ही एक पेट्रोल पंप पर भी कुछ समय के लिए रुके। उसके बाद वह रतनपुर होते हुए भोपाल के लिए रवाना हो गए। धर्म गुरु के आगमन पर समाज के लोगों द्वारा सुबह से ही तैयारियां की जा रही थीं। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। जैसे ही धर्म गुरु समाजजनों के घर पहुंचे तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा और खुशी के आंसू छलक आए। धर्मगुरु की अगवानी करने रायसेन, भोपाल, सीहोर, खंडवा, बुरहानपुर, विदिशा जिले से दाउदी बोहरा समाज के लोग परिवारजन सहित समाज के जिलाध्यक्ष अबुल हसन फखरी के निवास पर ठहरे हुए थे। धर्मगुरु की अगवानी के पूर्व सड़क को टैंकर के स्वच्छ पानी से धोया गया। यहां मौला- मौला बोलकर उनकी एक झलक देखने की कोशिश करते नजर आए। धर्मगुरु विदिशा से लग्जरी कार में सवार होकर रायसेन पहुंचे।

# झूठी शिकायत को जांच में सही बताने पर पंचायत सचिव निलंबित

## लापरवाही

**रायसेन।** शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरती जाकर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे ने बरेली जनपद की ग्राम पंचायत नोनिया के पंचायत सचिव हरिबाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय बरेली नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कि बरेली के ग्राम नोनिया निवासी हमीर सिंह गौर आत्मज हनुमत सिंह गौर का नाम वर्ष 2021 की प्रारंभिक मतदाता सूची में सरल क्रमांक 967 पर अंकित था। वर्ष 2021 में ही अंतिम मतदाता सूची में हमीरसिंह गौर का नाम ईआर.2 आवेदन के माध्यम से आपत्तिकर्ता मेहरबानसिंह निवासी नोनिया द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जिस पर प्राधिकृत कर्मचारी पंचायत सचिव नोनिया बरेली हरिबाबू धाकड़ ने प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट अंकित की गई। इस रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने आपत्ति स्वीकार कर हमीरसिंह गौर का नाम मतदाता सूची से विलोपित कर दिया। विलोपन की शिकायत की जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव धाकड़ ने आपत्तिकर्ता मेहरबान सिंह के आपत्ति आवेदन ईआर.2 पर प्रारंभिक जांच कर मिथ्या प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो वास्तविक तथ्यों के विपरीत है। कुछ लोग झूठी शिकायतें करके प्रतिद्वंदी व उनके समर्थकों का नाम मतदाता सूची से कटवा देते हैं। पंचायत चुनावों में कुछ स्थानों पर निर्विरोध निर्वाचन व कुछ स्थानों पर एक ही परिवार के सदस्य सरपंची करते हुए नजर आते हैं। दरअसल निर्विरोध निर्वाचन के पीछे तीन प्रमुख कारण सामने आए हैं। जिसमें पहला कारण ऐसे प्रत्याशी जिनका सभी सम्मान करते हों और उनकी शासन-प्रशासन तथा सरकार तक सीधी पहुंच रहती हो उन्हें लोग निर्विरोध चुनते हैं।





















# सोनम कपूर के इन बयानों से मचा था बवाल


## ऐश्वर्या को कहा आंटी तो परिणीति को दी टाइट कपड़े न पहनने की सलाह

सोनम कपूर आज अपना 37वां जन्मदिन मना रही हैं। 9 जून 1985 को मुंबई में जन्मी सोनम के लिए इस बार का जन्मदिन हर बार से खास है, क्योंकि वह जल्दी ही मां बनने वाली हैं। सोनम उन बॉलीवुड सेलिब्रिटी में से हैं, जो अपने फैशन सेंस और एक्टिंग के साथ बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। कई बार अपने बयानों की वजह से उन्हें ट्रोल्स का सामना भी करना पड़ा है। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनके कुछ विवादों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### ऐश्वर्या को कह दिया था आंटी

2009 में सोनम कपूर एक ब्रांड का हिस्सा बनी थीं, जिसका कई वर्षों तक ऐश्वर्या राय चेहरा थीं। ऐश्वर्या को ये बात पसंद नहीं आई थीं। ऐसे में जब एक इंटरव्यू के दौरान सोनम से सवाल किया गया, तो उन्होंने ऐश्वर्या राय को गुजरे जमाने की आंटी कह दिया। सोनम ने क्लियर करते हुए कहा था, ऐश्वर्या ने मेरे पिता के साथ काम किया है, तो उन्हें आंटी ही बुलाऊंगी ना। फैंस को सोनम का ये कमेंट बिलकुल पसंद नहीं आया था और उन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था।

### रणबीर बॉयफ्रेंड मटेरियल नहीं



सोनम कपूर और रणबीर कपूर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से बॉलीवुड डेब्यू किया था। उन दिनों दोनों के अफेयर की खूब खबरें आती थीं। ऐसे में एक इंटरव्यू के दौरान जब सोनम से रणबीर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'रणबीर बॉयफ्रेंड मटेरियल नहीं है। क्या लड़कियां उनको पसंद कर रही हैं, सच में? रणबीर एकदम सेक्सी नहीं है। वह मामा बॉय है, जिसके पैर के नाखून भी मां काटती हैं।'

### डेटिंग रूमर्स पर दिया ये बयान



एक इंटरव्यू के दौरान सोनम कपूर से पूछा गया था कि कोई भी फिल्म रिलीज होने से पहले एक्ट्रेस और एक्टर की डेटिंग की खबरें क्यों आती हैं। इस पर सोनम कपूर का कहना था कि सभी एक्टर अपनी पीआर टीम की मदद से ये डेटिंग रूमर्स क्रिएट करते हैं। दीपिका पादुकोण की पीआर टीम काफी जोश में रहती है।

### परिणीति को दी थी ये सलाह

करण जौहर के शो कॉफी विद करण के एक एपिसोड में जब सोनम कपूर से परिणीति चोपड़ा को लेकर सवाल किया गया, तो उनके जवाब से हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, करण जौहर ने परिणीति के फैशन को लेकर सवाल किया था, जिसके जवाब में सोनम ने कहा था कि परिणीति को टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

## पुलिस के साये में मीका के शो की शूटिंग, सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद जान का खतरा



स्टार भारत के रियलिटी शो स्वयंवर-मीका दी वोटी की शूटिंग इन दिनों राजस्थान पुलिस के साये में हो रही है। देश भर से जुटे पत्रकारों के सामने ये शो मंगलवार को जोधपुर के एक रिसॉर्ट में लॉन्च तो हुआ, लेकिन इस दौरान जिस बात पर लोगों की कम ही नजर गई, वह था राजस्थान पुलिस के एक अधिकारी का कैमरों की कतार के पीछे लगातार मौजूद रहना। इसकी वजह यह रही कि स्थानीय पुलिस मीका से मिलने वालों और उनके आसपास फटकने वाले हर शख्स पर सतर्क निगाह रखे हुए हैं। जोधपुर के इस रिसॉर्ट में 24 घंटे पुलिस का पहरा रहता है। और, इसकी वजह है पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद मीका सिंह की जान को बढ़ा खतरा। हिंदी सिनेमा के मशहूर गायक मीका सिंह लंबे अरसे से जोधपुर शहर के बाहर बने एक रिसॉर्ट में डेरा डाले हुए हैं। रियलिटी शो %स्वयंवर-मीका दी वोटी की शूटिंग इसी रिसॉर्ट में चल रही है और मुंबई की पूरी प्रोडक्शन टीम का डेरा भी इसी होटल में हैं।

### बिना जांच पड़ताल प्रवेश नहीं

राजस्थान पुलिस के आसूचना ब्यूरो (इंटेलीजेंस ब्यूरो) को मिली सूचना के मुताबिक मीका सिंह भी उन तमाम मशहूर शख्सीयतों की लिस्ट में अब शामिल हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे राजस्थान के कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर आ चुके हैं।

### सादी वर्दी में मौजूद रहे पुलिस वाले

मंगलवार को हुई रियलिटी शो स्वयंवर–मीका दी वोटी की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भी राजस्थान पुलिस के कई जवान व अधिकारी सादी वर्दी में यहां मौजूद रहे। उन लोगों पर इस दौरान खास नजर रखी गई जो या तो सीधे मीका सिंह की सीध में बैठे थे या जो कैमरों की कतार के साथ स्टेज के ठीक सामने खड़े थे। आधी रात के बाद तक चले इस कार्यक्रम के दौरान पूरे समय दरोगा स्तर का राजस्थान पुलिस का एक अधिकारी कैमरों की कतार के पीछे ही खड़ा रहा।

### अधिकारियों का लगातार दौरा

जानकारी के मुताबिक मीका सिंह की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने के लिए राजस्थान पुलिस को पंजाब पुलिस से भी इनपुट प्राप्त हुआ है। हालांकि, रियलिटी शो स्वयंवर–मीका दी वोटी की शूटिंग जहां चल रही है, वह जोधपुर मुख्य शहर से करीब 12–15 किमी की दूरी पर है और इस रिसॉर्ट के आसपास ज्यादा बस्ती भी नहीं है, लेकिन निर्जन स्थान पर बने इस रिसॉर्ट की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न होने पाए।

## हॉलीवुड के पूर्व निर्माता हार्वे वीनस्टीन पर महिला से अभद्रता का आरोप, 25 साल पुराना है मामला



हॉलीवुड के पूर्व निर्माता हार्वे विंस्टीन को लंदन में एक महिला के खिलाफ अभद्र हमले के दो मामलों में आरोपित करने के लिए अधिकृत किया गया है। उन पर पहले भी कई महिलाओं के द्वारा गंभीर आरोप लगाए जा चुके हैं। हॉलीवुड के पूर्व निर्माता हार्वे वीनस्टीन पर लंदन में एक महिला के खिलाफ अश्लील हमले के दो आरोप लगाए गए हैं। यह मामला 25 साल पुराना बताया गया है। ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने बुधवार को कहा कि हॉलीवुड के पूर्व निर्माता हार्वे वीनस्टीन को लंदन में एक महिला के खिलाफ अभद्र हमले के दो मामलों में आरोप तय करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### 1996 का है मामला

70 वर्षीय वीनस्टीन पर स्कॉटलैंड यार्ड द्वारा कथित अपराधों की जांच में फोर्स द्वारा इकट्ठे किए गए सबूतों की समीक्षा के बाद आरोप लगाया गया था। जानकारी के मुताबिक, यह जुलाई और अगस्त 1996 के बीच हुआ था।

**ऑनलाइन साझा नहीं होगी केस से जुड़ी कोई जानकारी:** क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने ये साफ किया है कि कोई भी रिपोर्टिंग, टिप्पणी या फिर इससे संबंधित अन्य जानकारी ऑनलाइन साझी नहीं की जानी चाहिए, जो किसी भी तरह से आगामी अदालती मामले में कार्यवाही को प्रभावित करने वाली हो। साथ ही यह भी कहा गया है कि प्रतिवादी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही सक्रिय है...और उसे निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है।

### पहसे से सजा काट रहे हैं हार्वे

बता दें कि पूर्व निर्माता हार्वे वीनस्टीन पर पहले भी कई महिलाओं द्वारा आरोप लगाए जा चुके हैं और ये मामले भी दशकों बाद उजागर हुए थे। हार्वे वीनस्टीन पर हॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों सहित तकरीबन 100 महिलाओं से ज्यादा के साथ यौन शोषण का आरोप लग चुका है।

# 2025 तक दोगुनी बढ़ेगी डाटा सेंटर की क्षमता, 40000 करोड़ का होगा निवेश



**एजेंसी, मुंबई।** वित्तवर्ष 2025 तक डाटा सेंटर की क्षमता बढ़कर दोगुना होने का अनुमान है। यह अभी 870 मेगावाट है जो बढ़कर 1,700 से 1,800 मेगावाट हो सकता है। साथ ही इसमें तब तक 40,000 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते डिजिटाइजेशन और स्थानीयकरण के साथ इस साल के अंत तक 5जी की सेवाओं के शुरू होने डाटा की मांग तेजी से बढ़ेगी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा केंद्रों की मांग और क्लाउड स्टोरेज में पिछले कुछ समय से तेजी आ रही है। कॉरपोरेट एडवांस टेक्नोलॉजी का और डिजिटल इंफ्रा पर फोकस कर रहा है। दूसरी ओर स्मार्ट उपकरण का भी लोग तेजी से उपयोग कर रहे हैं।

### 5जी से डाटा की मांग और बढ़ेगी

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 5जी सेवा के शुरू होने से डाटा की मांग में और तेजी आएगी। साथ ही सरकार भी तमाम डिजिटल पहल पर फोकस कर रही है। इसने कहा कि देश में डाटा सेंटर आकर्षक इंफ्रा असेट क्लास के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट का अनुमान है कि डाटा की मांग में मुंबई अव्वल रहेगा जो पहले से ही वर्तमान क्षमता का करीबन आधा हिस्सा का उपयोग कर रहा है। इसके अलावा हैदराबाद, चेन्नई, पुणे में आगे चलकर 400 मेगावाट की मांग आ सकती है।

### घर से काम करने से बढ़ी डाटा की मांग

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में वायरलेस मोबाइल डाटा ट्रैफिक 31 फीसदी बढ़कर 253 एक्साबाइट (1 एक्साबाइट में एक अरब गीगाबाइट) हो गया था। क्योंकि लोगों ने कोरोना की वजह से कार्यालयों के बंद होने से बड़ी संख्या में घर से काम किया। इससे डाटा की मांग में तेजी आई।

# आसमान छूती महंगाई: 30 लाख के होम लोन पर 905 रुपये बढ़ेगी किस्त

## पांच लाख के ऑटो लोन पर अब 122 रुपये ज्यादा चुकाने होंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आसमान छूती महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने बुधवार को रेपो दर 0.50 फीसदी बढ़ा दिया है। अब बैंक भी होम, ऑटो और विभिन्न प्रकार के कर्ज महंगे करेंगे। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। उनके लिए न सिर्फ घर और कार खरीदना महंगा हो जाएगा बल्कि पहले से ज्यादा मासिक किस्त (ईएमआई) चुकानी पड़ेगी। मान लीजिए, आपने 20 साल की अवधि के लिए 30 लाख का होम लोन लिया है तो मई के मुकाबले अब हर महीने आपकी ईएमआई 905.4 रुपये बढ़ जाएगी। हर साल आपको 10,864.80 रुपये की चपत लगेगी। अगर आपने कार खरीदने के लिए 5 साल के लिए 5 लाख रुपये का कर्ज लिया है तो रेपो दर में इस बढ़ोतरी के बाद हर महीने 122 रुपये ज्यादा मासिक किस्त देनी पड़ेगी। एक साल में यह रकम 1,464 रुपये बढ़ जाएगी।



### महंगाई को लेकर सतर्क है सरकार:गवर्नर

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि सरकार महंगाई की मौजूदा स्थिति को लेकर सचेत है। नीतिगत दर को लेकर आगामी परिस्थितियों को देखते हुए कदम उठाया जाएगा। अब सरकार को आगे आपूर्ति पक्ष से जुड़े उन उपायों पर निर्णय लेना है, जिन्हें वे आवश्यक समझते हैं। सटीक उपाय क्या हो सकते हैं, इस पर विचार या टिप्पणी करना केंद्रीय बैंक का काम नहीं है।

### सरकारी नीतियों से महामारी से उबरने में मिली मदद वित्तमंत्री

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की नीतियों और उठाए गए सक्रिय कदमों से देश को महामारी के कारण पैदा हुई स्थिति से उबरने में मदद मिली। इन कदमों में कॉरपोरेट कर में कटौती, जीएसटी, आईबीसी कोड और अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण जैसे उपाय शामिल हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विशेष सप्ताह समारोह में उन्होंने कहा कि भारत ने अपने मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ कई चुनौतियों का सामना किया और सफलता पाई। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में कोरोना महामारी के बावजूद भारतीय खुदरा निवेशकों ने शेयर बाजार तक पहुंचने के लिए ऑनलाइन साधन खोजे हैं।

## सिबिल स्कोर बेहतर यानी सस्ता कर्ज मिलने की गारंटी, बीमा कंपनियां भी इसे देखती है

**नई दिल्ली।** अगर आप किसी भी बैंक में कर्ज या क्रेडिट कार्ड लेने जाते हैं तो बैंक या वित्तीय संस्थान सबसे पहले आपका सिबिल स्कोर देखते हैं। बैंक या वित्तीय कंपनी से किस ब्याज पर कितना लोन मिलेगा, यह इस बात पर निर्भर है कि आपका सिबिल स्कोर कितना अच्छा है। आसान भाषा में कहें तो सिबिल स्कोर जितना अच्छा होगा, उतनी ही कम ब्याज दर आसानी से लोन मिल जाएगा। खराब होने पर लोन मिलना मुश्किल है और मिलेगा भी तो मंहगे ब्याज पर। सिबिल स्कोर रिपोर्ट में आपकी सभी व्यक्तिगत जानकारी, नौकरी संबंधी डिटेल्स, बैंक खाते और पुराने लोन की जानकारी होती है। बीमा कंपनियां भी आजकल यह स्कोर देखती हैं। सिबिल स्कोर 0 से 900 के बीच होता है। व्यावसायिक संस्थाओं के लिए सिबिल स्कोर एक से 10 के बीच होता है।

## 30 जून है पैन-आधार लिंक करने की डेडलाइन, नहीं किया तो भरना होगा दोगुना जुर्माना




**नई दिल्ली।** अगर आपने अब तक पैन और आधार लिंक नहीं किया है तो जल्द से जल्द इस काम को पूरा कर लें, नहीं तो बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको बता दें कि जुर्माने के साथ इस काम को करने के लिए समय सीमा 30 जून को समाप्त हो रही है। इस तारीख तक पैन-आधार लिंक कराने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा और अगर इसके बाद कराया तो दोगुना जुर्माना भरना पड़ेगा।

**1000 रुपये चुकाना होगा जुर्माना:** गौरतलब है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सर्कुलर जारी कर पैन कार्ड को आधार कार्ड के साथ लिंक करने के लिए 31 मार्च 2022 की तारीख निर्धारित की थी। इसके बाद 500 रुपये के जुर्माने के साथ इसे 30 जून तक करने की छूट दी गई थी। लेकिन, इस समय सीमा तक अगर कार्ड धारक इस काम को करने से चूक जाता है तो फिर यह जुर्माना बढ़कर 1000 रुपये यानी दोगुना हो जाएगा।

**पैन कार्ड हो सकता है निष्क्रिय:** इस लेट फी का भुगतान Challan No ITNS 280 के जरिए किया जा सकता है। यदि आप अपने पैन को अपने आधार नंबर से लिंक नहीं करते हैं तो आपका पैन कार्ड निष्क्रिय हो सकता है। पैन कार्ड धारक की समस्या यहीं खत्म नहीं होगी। पैन आधार लिंक नहीं होने पर म्यूचुअल फंड, स्टॉक, बैंक खाता खोलने आदि में निवेश नहीं कर सकेंगे। क्योंकि यहां पैन कार्ड प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अलावा अगर आप अवैध पैन कार्ड दिखाते हैं तो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 272बी के तहत, निर्धारण अधिकारी दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश दे सकता है।

### इन तरीकों से पूरी करें प्रक्रिया

होमपेज पर लिंक आधार ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद मांगी गई जानकारी दर्ज करें और दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करें। इसके अलावा आप एसएमएस के जरिए भी इस काम को पूरा कर सकते हैं। इस तरीके से पैन को आधार से लिंक कराने के लिए अपने मोबाइल से 567678 अथवा 56161 पर मैसेज करना होगा।

# पोल्काडॉट की कीमत में चार फीसदी गिरी

**नई दिल्ली।** पोल्काडॉट क्रिप्टोकरेंसी की कीमत की कीमत में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। क्रिप्टो बाजार में इस डिजिटल करेंसी का भाव 4.09 फीसदी या 32.97 रुपये फिसल गया। इस गिरावट के बाद टॉप 10 डिजिटल करेंसी में शामिल पोल्काडॉट की कीमत कम होकर 774.5 रुपये पर आ गई है। इस कीमत इसका बाजार पूंजीकरण भी कम होकर 718.3 अरब रुपये पर पहुंच गया है।



### क्या है पोल्काडॉट?

पोल्काडॉट एक ओपन सोर्स शार्डिंग मल्टीचैन प्रोटोकॉल है, जो केवल टोकन्स का ही नहीं, बल्कि किसी भी प्रकार के डाटा या परिसंपत्तियों का क्रॉस-चैन ट्रांसफर करने की सुविधा देता है, जिससे आपस में अंतरसंक्रियता रखने वाली ब्लॉकचेंस की एक विस्तृत शृंखला बनती है। पोल्काडॉट एक शार्डिड मल्टीचैन नेटवर्क है, जिसका मतलब है कि यह समानांतर रूप से कई चैन (पैराचेंस) पर कई सारे लेनदेन संसाधित कर सकता है। जहां तक रिटर्न की बात है तो साल 2021 में इस क्रिप्टो करेंसी ने 625.46 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसकी ऑलटाइम हाई कीमत 55.11 डॉलर रही है।

**वेब3 फाउंडेशन द्वारा की गई थी स्थापना:** पोल्काडॉट की स्थापना वेब3 फाउंडेशन द्वारा की गई थी, यह एक स्विस फाउंडेशन है जिसे एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट के रूप में पूरी तरह से कार्यात्मक और उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल विकेंद्रीकृत वेब सुविधा बनाने के लिए स्थापित किया गया था। के अनुसार, रॉबर्ट हेबरमायर और पीटर जबैन हैं।

**तीन उद्देश्यों की पूर्ति करता है DOT टोकन:** पोल्काडॉट का मूल DOT टोकन तीन स्पष्ट उद्देश्यों की पूर्ति करता है- नेटवर्क प्रशासन और संचालन प्रदान करना और बॉडिंग द्वारा पैराचेंस (समानांतर चैन) बनाना। वुड, पैरिटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सोलिडिटी नामक स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट कोडिंग भाषा के निर्माता के रूप में उद्योग में अपने प्रभाव के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 200 अंक टूटा, निफ्टी 16400 के नीचे

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार एक बार फिर शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 200 अंक टूटकर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने 16400 के नीचे कारोबार शुरू किया। फिलहाल, सेंसेक्स 187 अंक की गिरावट के साथ 54,706 के स्तर पर है, जबकि निफ्टी 53 अंक फिसलकर 16,304 पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले बीते कारोबारी सत्र में बुधवार को आरबीआई के रेपो रेट बढ़ाने के फैसले के बाद दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद




हुए थे। बीएसई का सेंसेक्स 215 अंक फिसलकर 54,892 के स्तर पर बंद हुआ था, वहीं एनएसई का निफ्टी 60 अंक फिसलकर 16,356 के स्तर पर बंद हुआ था। इससे पहले सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा की उछाल के साथ खुला था। बीते कारोबारी सत्र की बात करें तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 568 अंक टूटकर 55,107 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 153 अंक फिसलकर 16,416 के स्तर पर बंद हुआ।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)